*सादर प्रकाशनार्थ,*

## दस दिवसीय बाल व्यक्तित्व विकास शिविर सम्पन्न

**कोरबाः 06.06.2017–प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरोय विश्व–विद्यालय के तत्वाधान में बाल व्यक्तित्व विकास शिविर का आयोजन किया गया। डॉ. रियाज खान, शिशु रोग विशेषज्ञ ने बच्चों को स्वच्छता, स्वास्थ्य एवं अपने स्वभाव को निर्मल बनाने की प्रेरणा दी। डॉ. संजय अग्रवाल दन्त चिकित्सक ने कहा कि दातों की लम्बी आयु और मजबूती के लिये चाकलेट व दांत में चिपकने वाले पदार्थों को कम खायें तथा सोने से पूर्व अवश्य दातों की सफाई कर सोयें। भ्राता पी.आजाद राजू मुख्य शाखा प्रबंधक भारतीय स्टेट बैंक कोरबा ने कहा कि माबाईल और इन्टरनेट की दुनिया से बच्चों को दूर ही रहना चाहिये। इनका जितनी आवश्यकता हो उतना ही प्रयोग करें। डॉ. के.सी.देबनाथ हृदय रोग विशेषज्ञ ने कहा कि बच्चे प्यार से अपने परिवार में नशा करने वालों को नशा न करने की प्रेरणा दे सकते हैं। बच्चों का उनके पालकों से प्यार होता है वे उनकी बात अवश्य मानते हैं। इस तरह की बचत, बच्चों के भविष्य निर्माण में सहायक होगी। दोस्तों, पड़ोस व समाज में भी यह जागृति बच्चों द्वारा लाई जा सकती है। ब्रह्माकुमारी बिन्दु बहन ने कहा कि जीवन में मंजिल प्राप्त कर दूसरी अच्छी राह दिखलाने का नशा रखो। युवा अनिष शर्मा ने सदा मुस्कराते हुए आगे बढ़ने के लिये कहानी सुनाकर बच्चों का ज्ञान वर्धन किया। बहन निशा वर्मा ने बच्चों को गायन कला का ज्ञान दिया। भ्राता बनवारी लाल अगवाल ने कहा कि अपने लक्ष्य प्राप्ति के लिये बच्चों को कड़ी मेहनत के साथ–साथ उनकी प्राप्ति के स्वप्न भी देखने चाहिए। भ्राता मालिकराम ए. एस.आई. यातायात प्रभाग कोरबा ने सड़क सुरक्षा नियमों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वाहन को शहर में अधिक गति से नहीं चलाना चाहिए और चौराहे पर यदि माता पिता का ध्यान सुरक्षा नियम संकेत पर न हो तो उनका उस पर ध्यान दिलाना चाहिए। भ्राता मनौज राठौर प्रधान आरक्षक एवं भ्राता शंखधर जायसवाल आरक्षक ने सुरक्षा संकेतों को प्रायोगिक तौर पर करके दिखलाया। बहन कांक्षी शर्मा, रश्मि शर्मा, स्मृति बुधिया ने एरोबिक कराया। बहन सीमा वर्मा ने पतंजलि योग का प्रशिक्षण दिया। बहन लवलीन गांधी ने कहा कि हमें बाहरी ब्यूटी के साथ–साथ आंतरिक मन की सुन्दरता पर भी ध्यान देना चाहिए। बहन पिन्की सिंघल ने पाक कला एवं भाव्या सिंघल ने आर्ट एण्ड काफ्ट में गृह सज्जा की कलाकतृियों का प्रशिक्षण दिया। ब्रह्माकुमारी उतरा बहन ने कमेन्ट्री के द्वारा मेडिटेशन का अभ्यास कराया। विश्व पर्यावरण दिवस पर विषयः** प्रकृति के साथ मनुष्यों

को जोड़े पर आयोजित परिचर्चा में समाज सेवी भ्राता एल.एन.कड़वे, साहित्यकार भ्राता एम.सी.तिवारी, कवि हृदय उमेश अग्रवाल, तथा बहन इन्दु शर्मा, ब्रह्माकुमारी रूकमणी बहन ने अपने विचार व्यक्त किये। इस अवसर पर आयोजित चित्रकला प्रतिस्पर्धा के परिणाम इस प्रकार हैंः प्राथमिक स्तर–प्रथम, अक्षरा उइके, द्वितीय–कुनालिका एक्का तृतीय– यश साहू। माध्यमिक स्तरः प्रथम–अंजली साहू, द्वितीय– हर्षिका कड़वे, तृतीय–श्याम अग्रवाल। हाई स्कूल स्तरः प्रथम–बरखा निशा सिंग, द्वितीय–ऋषिका पाल, तृतीय– सूरज पंत एवं डाली साहू। सभी बच्चों को पारितोषिक एवं प्रशस्ति पत्र का वितरण किया गया। मानवीय सेवा में, ब्रह्माकुमारी रूकमणी